पेज थ्री देहरादून
देहरादून, शनिवार 1 फरवरी, 2020
पेज 8
हमारा दून

आंगनबाडी कार्यकत्रियों के आंदोलन के समर्थन में धरने को संबोधित करते गौरव कुमार।



## संक्षिप्त समाचार

### तीन गोतस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। चौकी प्रभारी कुल्हाल प्रमोद कुमार नें जानकारी देते हुए बताया कि पिछले काफी समय से क्षेत्र में गोतस्करों की सूचना प्राप्त हो रही थी चौकी प्रभारी नें मुखबिर तंत्र का क्षेत्र में सक्रिय करते हुए टीम गठित कर मुखबिर की सूचना के आधार पर शिमला बाईपास रोड़ से लगते जंगल से तीन शातिर गोतस्करों गोवंशीय पशु के मास व दो छूरी सहित गिरफ्तार किया गया पकड़े गये अभियुक्तों की पहचान इस्तखार उम्र 23 पुत्र इल्ताफ निवासी ग्राम कुंजा ग्रांट विकासनगर, इल्ताफ उम्र 55 पुत्र वली मोहम्मद निवासी ग्राम कुंजा ग्रांट विकासनगर, जुनैद उम्र 21 पुत्र इल्ताफ निवासी ग्राम कुंजा ग्रांट विकासनगर के रूप में हुई तीनों अभियुक्तों के खिलाफ गोवंश अधिनियम के तहत चालान कर जेल भेज दिया।

### शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना रानीपोखरी पुलिस नें नगोधर सैनिक बस्ती के पास से एक महिला गिरफ्तार किया जिसके कब्ज़े से 50 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद हुए पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर महिला को जेल भेज दिया पकड़ी गई महिला ने अपना नाम कृष्णा उम्र 40 पत्नी राजे निवासी नई जाटव बस्ती थाना ऋषिकेश बताया।

### तीन वांरटी गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। थाना क्लेमनटाउन पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ हेतू अभियान के चलाते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गये वारंटियों का नाम जुमेखान पुत्र असलम निवासी बड़ा भारूवाला देहरादून, रुक्या पत्नी जुमेखान निवासी बड़ा भारूवाला देहरादून, जाकिर पुत्र सकूर अहमद निवासी ओगल भट्टा देहरादून बताया।

### आंगनबाडी कार्यकत्रियों के आंदोलन को मिली मजबूती, शिवसेना ने दिया समर्थन

**संवाददाता** देहरादून। पिछले लम्बे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रही आंगनबाडी कार्यकत्रियों के आंदेलन को आज उस समय मजबूती मिल गयी जब शिव सेना ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान किया। आंगनबाडी कार्यकत्रियो की हौसला अफजाई के लिए शिव सेना प्रमुख स्वयं उनके धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनरत एवं अनशनकारी आंगनबाडी कार्यकत्रियो को आश्वासन दिया कि उनका आंदोलन अब शिव सेना का आंदोलन है। जब तक उनकी सभी मांगों को पूरा नही किया जाता तब तक शिव सेना कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन में प्रतिभाग करेगी और मंजिल तक पहुंचायेगी।

# उत्तराखण्ड में एनसीसी एकेडमी का शीघ्र होगा शिलान्यास

**बधाई**

उत्तरकाशी में स्थापित की जायेगी एनसीसी की नई बटालाइन

गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग कर लौटे एनसीसी कैडिटो को सीएम ने दी बधाई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत शुक्रवार को हाथीबड़कला स्थित सर्वे ऑडिटोरियम में आयोजित नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग कर लौटे एनसीसी कैडिटो के उत्साहवर्धन हेतु आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने एनसीसी कैडिटो को सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिये देशभर में छठा स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर एन.सी.सी कैडिटो द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि परेड में प्रतिभाग करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति को देखकर यह समझा जा सकता है कि एन.सी.सी के माध्यम से किस प्रकार उनका सर्वागीण विकास होता हैं। एन.सी.सी कैडिटो छात्रों द्वारा प्रोफेसनस् की भांति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि यह इन कैडिटो की एक माह की मेहनत का ही प्रतिफल है कि उनके प्रदर्शन को देशभर में छठा स्थान प्राप्त हुआ है जो पहले 16 से 17वें पर रहता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एन.सी.सी की डिमांड बढ़ी है, इसी के दृष्टिगत उत्तरकाशी में एन.सी.सी की नई बटालाइन की स्थापना के लिए आवश्यक वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान दी गई। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में एन.सी.सी एकेडमी का शिलान्यास किया जायेगा इसके लिए भी भूमि व धनराशि की व्यवस्था कर दी गई है। यह एकेडमी ग्रीन एनर्जी पर विकसित होगी। इसके लिये इसके समीप ही 07 करोड़ की लागत से 750 मीटर लम्बी झील का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस एकेडमी को मॉडल एकेडमी के रूप में स्थापित करने के साथ ही इसे आधुनिक सुविधा युक्त बनाया जायेगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने एनसीसी को सहयोग देने वाले विभिन्न स्कूलों, संस्थाओं आदि के प्रतिनिधियों के साथ ही एनसीसी अधिकारियों व कैडिटो को भी सम्मानित किया।

एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल सुधीर बहल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एन.सी.सी में हर साल लगभग 16 हजार नये कैडिट आते है। राज्य के लाखों लोगों पर एन.सी.सी का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी केवल फौज के लिये ही नही है बल्कि यह युवाओं के व्यक्तित्व विकास में भी योगदान देता है, जो उन्हें जीवन के हर पहलु में सफलता की ओर ले जाता है।



एनसीसी कैडेटों को सम्मानित करते सीएम।

### सीएम 8 फरवरी को करेंगे हेली सेवा का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत 8 फरवरी को सहस्त्रधारा हेलीपैड से उड़ान योजना के अन्तर्गत सहस्त्रधारा गौचर सहस्त्रधारा हेली सेवा एवं सहस्त्रधारा चिन्यालीसौड़ सहस्त्रधारा हेली सेवा का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री के उड्डयन सलाहकार कैप्टन दीप श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के अथक प्रयासों से केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के अन्तर्गत इस हेली सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। हैरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुरू की जा रही इस डबल इंजन–6 सीटर हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि सहस्त्रधारा से गौचर हेली सेवा का किराया 4120 रुपए एवं सहस्त्रधारा–चिन्यालीसौड़ हेली सेवा का किराया 3350 रुपए होगा। हेली सेवा द्वारा प्रतिदिन 2 ट्रिप की जाएगी।

### वरिष्ठ पत्रकार कौशिक के पिताजी के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**संवादात** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र नाथ कौशिक के पिताजी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार जनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### दून और हरिद्वार के डीएम बदले आशीष श्रीवास्तव बने दून के डीएम

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल में देहरादून और हरिद्वार को नए डीएम मिले हैं। वहीं जिलाधिकारी हरिद्वार को प्रतिक्षारत रखा गया है। देहरादून के जिलाधिकारी सी. रविशंकर को राजधानी से हटाकर हरिद्वार जिले का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं अपर सचिव आशीष कुमार श्रीवास्तव को देहरादून का जिलाधिकारी बनाया गया है। दीपेंद्र कुमार चौधरी को जिलाधिकारी हरिद्वार से हटाकर प्रतीक्षारत रखा गया है। दरअसल हरिद्वार के जिलाधिकारी दीपेंद्र चौधरी लगातार लंबी छुट्टी पर थे, जिस वजह से उनको हटाया गया है, फिलहाल उनके पास कोई चार्ज नहीं है।

# एडवेंचर समिट 21 व 22 मार्च को

**बैठक**

- तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने ली बैठक

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के निर्देश पर पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की पर्याप्त संभावनाओं को देखते हुए आगामी 21–22 मार्च 2020 में एडवेंचर समिट का आयोजन किया जाना है। आयोजन संचालन एवं मार्गदर्शन हेतु मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक हुई।

मुख्य सचिव द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये, कि समिट में अभी से साहसिक पर्यटन से जुड़े देश–विदेश के प्रमुख व्यवसायियों, ब्लाग रायटर्स एवं इनवेस्टर्स से सम्पर्क किया जाए। बैठक में स्पान्सरशिप हेतु एडवेंचर व्यवसाय से जुड़े लोगों से स्पान्सरशिप की संभावना पर विचार किया गया। समिट में राष्ट्रीय एवं अंतरर्राष्ट्रीय स्तर के साहसिक पर्यटन के क्षेत्र से जुड़े निवेशकों, विशेषज्ञों एवं इस क्षेत्र में जुड़े टुअर आपरेटरों को आमंत्रित किया जाना है। मुख्य सचिव ने पर्यटन बाहुल्य देशों के राजदूत एवं पर्यटन के व्यवसाय से जुड़ी स्वदेशी/विदेशी कम्पनियों को भी समिट में बुलाने हेतु सम्पर्क करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि एडवेंचर समिट से राज्य में रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे।

बैठक में एडवेंचर समिट का वृहद प्रचार–प्रसार हेतु ऋषिकेश, नैनीताल एवं नई दिल्ली में रोड शो करने का निर्णय लिया गया। समिट में एडवेंचर खेल से जुड़े उपकरणों की प्रदर्शनी लगाए जाने का प्राविधान किया गया है। समिट का आयोजन रामगनर में होगा। इस अवसर पर सचिव पर्यटन श्री दिलीप जावलकर ने आयोजन की तैयारियों को लेकर की गई अबतक की कार्यवाही की जानकारी दी।



उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक लेते मुख्य सचिव।

### पिकअप और ट्रक की टक्कर

**संवाददाता** देहरादून। डोईवाला नगर के मिशरवाला नीलू मेमोरियल स्कूल के सामने देहरादून से डोईवाला की तरफ जा रहे एक पिकअप और ट्रक से भिड़त हो गई।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।